समाचार

आयुक्त ने ली आटो चालकों की बैठक, रेलवे प्री पैड बूथ की दी जानकारी

(यात्रियों को मिलेगी आनलाईन आटो बुकिंग की सुविधा)

कोरबा 05 दिसम्बर 2024 – कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम कार्यालय साकेत में जिला आटो संघ, ई–रिक्शा आटो संघ आदि की बैठक ली तथा उनसे विस्तार से चर्चा करते हुए आटो की आनलाईन बुकिंग हेतु रेलवे स्टेशन में प्री पैड बूथ स्थापित किए जाने की जानकारी दी। उन्होने कहा कि आगामी एक सप्ताह के अंदर यह व्यवस्था लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने आटो चालकों से कहा कि वे निर्धारित प्रारूप में समस्त आवश्यक जानकारी भरकर आरटीओ में जमा करा दें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे स्टेशन में आटो प्री पैड बूथ स्थापित करने एवं दूरी के हिसाब से किराया तय करते हुए शहर के प्रमुख चौक–चौराहों में किराया सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं, इस संदर्भ में आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम कार्यालय साकेत स्थित सभाकक्ष में जिला आटो संघ, ई–रिक्शा आटो चालको, डीजल आटो चालकों आदि की बैठक ली, इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, यातायात प्रभारी मानिकराम जांगड़े, सहायक अभियंता योगेश राठौर व पीयूष राजपूत, तथा आरटीओ विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने आटो चालकों को उक्त व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देश पर रेलवे स्टेशन में आटो बुकिंग हेतु प्री पैड बूथ '' सुगम सेंटर '' के नाम से खुलने जा रहा है, यात्री एवं आमनागरिक '' सुगम एप '' के माध्यम से अपने मोबाईल से आटो की बुकिंग कर सकेंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आरटीओ विभाग के अधिकारी से कहा कि वे तीन दिवस के अंदर सभी आटो की नंबरिंग रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा कर लें, आटो में आटोचालक का नाम मोबाईल नम्बर, आटो को आबंटित नम्बर अंकित कराएं, यहॉ उल्लेखनीय है कि पेट्रोल आटो, डीजल आटो, ई–रिक्शा आदि की अल्टरनेट नबरिंग कर उक्त आटो में उनको आबंटित नम्बर अंकित कराए जाएंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आटो चालकों से कहा कि वे निर्धारित प्रारूप का फार्म जो आरटीओ विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा, उसे भरकर जमा करा दें तथा आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन, नाम, पता आदि की सम्यक

जानकारी उपलब्ध करा दें। उन्होने उक्त आटो संघ से कहा कि वे सभी आटो की सूची आरटीओ को तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि निर्धारित समय पर व्यवस्था संचालित करने का कार्य पूरा किया जा सके।